LatestLaws.com

Helping Good People Do Good Things

# JUDICIARY EXAMS QUESTION PAPER

**Free Downloadable Formats**

Hello Good People!

LatestLaws.com

# Uttar Pradesh Judicial Service

**Examination, 1986**

**Question Paper**

LatestLaws.com

# 1986

# THE PRESENT DAY

## उद्यतन सामान्य ज्ञान

**Note:** Candidates should attempt all questions. Marks carried by each question are indicated at its end.

**नोट:** अभ्यर्थी सभी प्रश्न करें। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक अन्त में दिये गये हैं।

1. (a) 'Terrorism' is a world-wide problem. Comment or this statement with reference to incidents in recent years. Give your own suggestions about possible methods to meet it. 13

(b) What steps, in the legal sphere, have been taken by the Govt. in our country to commbat terrorism? Are they sufficient in your opinion. What more should be done? 12

1. (क) आतंकवाद एक विश्वव्यापी समस्या है। पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं के आधार पर इस कथन पर टिप्पणी कीजिए तथा इससे निबटने के संभव उपायों पर अपने सुझाव दीजिए। 13

(ख) भारत में आतंकवाद से निबटने के लिए, विधि के क्षेत्र में, सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? क्या व समुचित हैं? आपकी राय में और क्या करना चाहिए? 12

2. (a) What effect has environment upon human life? Does the Constitution of India have any provision about it. What administrative measures have been taken by the Govt. of India in this respect. 13

(b) What step, in the field of law, were taken by the Govt. of India of help the afflicted persons in the Bhopal Gas tragedy? Will the decision of the American Court be of assistance to them? Is so, What? 12

2. (क) पर्यावरण का मनुष्य के जीवन से क्या सम्बन्ध है? क्या भारत के संविधान में इसके विषय में कोई प्रावधान है? भारत सरकार ने इसके सम्बन्ध में क्या प्रशासनिक व्यवस्था की है? 13

(ख) भोपाल के गैस-कांड में पीड़ित व्यक्तियों के लिए विधि के क्षेत्र में भारत सरकार ने क्या किया? क्या अमेरिका कोर्ट के फैसले का कुछ लाभ गैस-पीड़ितों को मिलेगा? यदि हाँ, तो क्या? 12

3. (a) Describe the form and working procedure of 'Lok Adalat' in U.P. 13

(b) Do you feel that 'Lok Adalats' will help in ensuing quick and cheap justice. Please give reasons for your answer. 12

3. (क) उत्तर-प्रदेश में 'लोक अदालत' के स्वरूप तथा उनकी कार्य-पद्धति का वर्ण करें। 13

(ख) क्या आप समझते हैं कि 'लोक अदालतें' शीघ्र तथा सस्ता न्याय दिलाने में सक्षम हैं? अपना उत्तर कारणों सहित दें। 12

4. (a) Is non-appearance by a lawyer, who is an agent of his olient, before the Court, by going on strike, justified in law or is it legally unjustifiable. Please support you answer with reasons. 13

(b) Will a provision for compulsory training for a specified period with a senior advocate, before enrolment of a new advocate, be proper or not, why? 12

4. (क) क्या एक अधिवक्ता द्वारा, जो वादकारी का प्रतिनिधि-मात्र है, हड़ताल करना तथा उस कारण न्यायालय में उपस्थित न होना न्याय की दृष्टि में उचित व वैज्ञानिक है अथवा यह अनुचित व अवैधानिक है? कृपया उत्तर कारण सहित दें। 13

(ख) नामांकन के पूर्व प्रत्येक नए अधिवक्ता के लिए कुछ समय तक एक वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ ट्रेनिंग लेना अनिवार्य करना उचित अथवा अनुचित होगा? और क्यों? 12

5. Please narrate briefly the facts and principles laid down in the following decisions of the Supreme Court:

(a) Olga Tellis and others v. Bombay Municipal Corporation and other (A.I.R. 1986 Supreme Court 180) 12

(b) How does the above enactment affect the Supreme court decision A.I.R. 1985 Supreme Court 945 Mohd. Ahmad Khan v. Shah Bano Begum? Describe fully. 13

5. सुप्रीम कोर्ट के निम्नलिखित निर्णयों के तथ्य तथा उनमें निर्णीत बिन्दुओं का संक्षेप में वर्णन करें:

(क) ओल्गाटेलिस एवं अन्य बनाम बाम्बे म्युनिसिपल कारपोरेशन एवं अन्य। (ए॰आई॰आर॰ 1986 सुप्रीम कोर्ट 180) 13

(ब) नरेन्द्र चड्ढा एवं अन्य बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य। (ए॰आई॰आर॰ 1986 सुप्रीम कोर्ट 638) 12

6. (a) What are the main provisions of the Muslim Women (Protection of Rights on Divorce) Act 1986 (Act No. 25 of 1986)? Write your views with reasons. 13

(b) How does the above enactment affect the Supreme Court decision A.I.R. 1985 Supreme Court 945 Mohd. Ahmad Khan v. Shah Bano Begum? Describe fully. 12

6. (क) 'दी मुस्लिम वीमेन (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन डाइवोर्स) एक्ट (एक्ट नं. 25 सन् 1986) के मुख्य प्रावधान क्या हैं? इस सम्बन्ध में अपना मत युक्तियों सहित अंकित कीजिए। 13

(ख) उपरोक्त एक्ट का सुप्रीम कोर्ट के निर्णय, ए॰आई॰आर॰ 1985 सुप्रीम कोर्ट 945, मोहम्मद अहमद खाँ बनाम शाहबानो बेगम पर क्या प्रभाव पड़ेगा? स्पष्ट रूप से अंकित कीजिए। 12

# 1986

# LAW (SUBSTANTIVE LAW) [First Paper]

## विधि (मौलिक विधि) [प्रथम प्रश्न पत्र]

**Note:** Candidates should attempt question Nos. 1 and 5 not more than four of remaining questions. Marks carried by each question are given at its end.

**नोट:** प्रश्न संख्या 1 व 5 अनिवार्य हैं। शेष में से कोई भी चार प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने इंगित हैं।

1. (a) Explain "free consent" according to the Indian Contract Act. 25

(b) During his serious illness High Court employee Sri J.R. Bhatta who was working under the Deputy Registrar proceeded on a month's medical leave but could not become fit and he applied for extending the leave by 24 months 9 days on medical advice. The Deputy Registrar procrastinated and then asked the plaintiff to give an undertaking in writing that he shall not join his duty on the expiry of his leave. Thus compelled the plaintiff gave the undertaking and on that basis the plaintiff was not allowed to join. The plaintiff claimed declaration that he be treated on duty as before since the undertaking was against his wish. If he is entitled to any relief then give reasons in support of your answer. 15

1. (अ) भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार "स्वछन्द या स्वतन्त्र सहमति" का वर्णन कीजिये। 25

(ब) अपनी गम्भीर बीमारी के दौरान उच्च न्यायालय का कर्मचारी श्री जे॰आर॰ भट्ट जो उप-निबन्धक के अधीन कार्यरत था एक महीने के चिकित्सीय अवकाश पर गया परन्तु ठीक नहीं हो पाया और उसने 24 माह 8 दिन के अवकाश चिकत्सीय सलाह पर बढ़ाने की प्रार्थना की। उप-निबन्धक हीला-हवाला करते रहे और विलम्ब करके वादी से लिखित आश्वासन देने को कहा कि अवकाश की समाप्त पर वादी अपनी ड्यूटी पर वापस नहीं आयेगा। विवश होकर वादी ने आश्वासन दे दिया और उसकी बिना पर उसे ड्यूटी पर वापस आने नहीं दिया गया। वादी ने दावे में माँग की कि उसको सेवा से पूर्वत् कार्यरत समझा जाय, क्योंकि आश्वासन इच्छा के विरुद्ध था। कोई अनुतोष अनुमन्य हो तो कारण बताते हुए अपने उत्तर की पुष्टि कीजिये। 15

LatestLaws.com

2. Explain the doctrine of frustration or impossibility citing three illustrations. 30

2. कम से कम तीन दृष्टान्त देते हुए विफलीकरण अथवा असम्भवता सिद्धान्त की विवेचना कीजिये। 30

3. Write the contrcts which cannot be specifically enforced giving three illustrations. 30

3. संविदायें जिनका विनिर्दिष्टत: प्रवर्तन नहीं कराया जा सकता उनका उल्लेख कीजिये और तीन दृष्टांत दीजिये। 30

4. Equity will not suffer a wrong to be without a remey. Explain with illustrations. 30

4. जैसे हर रोग का उपचार है उसी प्रकार साम्या ऐसा कोई दोषपूर्ण कृत्य विमुक्त नहीं करती जिसका प्रतिकार न हो। दृष्टांत देते हुए विवेचना कीजिये। 30

5. Have the changing times, terrorism, unemployment, dearness, drinking and drug-addiction altered the very concept of Hindu marriage? What is its form now? A young person remains imperfect so long as he does not marry and he attains perfection only by marrying. A maiden is always gifted even then demand for money property, car, motor cycle, scooter are made and if not complied with then she is burnt. Do you cnsider girls are married for selling or burning them, or for adultery? What are the conditions of a Hindu marriage? 40

*Or*

Equal Rights of Women's Movement gained momentum recently but the Indian Parliament in 1955 granted the most important right to Hindu women. The concept of "permanent union" or "eternal union" is only notional now. Under what circumstances dissolution of marriage can take place? 40

*Or*

What do you understand by "void" and "voidable" marriages. Illustrate you answer. 40

5. क्या बदलते हुए समय, आतंकवाद, बेरोजगारी, मँहगाई, मदिरा-पान एवं चरस-गाँजा की लत ने हिन्दू-विवाह के स्वरूप को ही बदल दिया है। अब उसका क्या स्वरूप है? विवाह के पूर्व युवा व्यक्ति अपूर्ण रहता है और विवाह से ही पूर्ण होता है। कन्या को तो वैसे ही दान में दिया जाता है, फिर भी रुपये, सम्पत्ति, कार, मोटर साइकिल, स्कूटर की माँग होती है और पूरी न होने पर उसे जला दिया जाता है। क्या कन्या से विवाह उसको बेचने या जलाने या अन्य व्यक्ति से संभोग कराने हेतु किया जाता है? हिन्दू विवाह की शर्तें क्या हैं? 40

*अथवा*

नारी को समान अधिकार देने के आन्दोलन ने तो अब जोर पकड़ा है परन्तु हिन्दू नारी को भारतीय संसद् 1955 ई० में अति महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान कर दिया था। "स्थायीबन्धन" या "सनातन सम्बंध" तो अब केवल भावात्मक या सैद्धान्तक रह गया है। विवाह-विच्छेठन किन-किन परिस्थितियों में हो सकता है? 40

*अथवा*

"शून्य" एवं "शून्यकरणीय" विवाह से आप क्या समझते हैं? अपने उत्तर के समर्थन में दृष्टान्त भी दीजिये।

6. When the population swells in the proportion of four times and eight times then polygamy shall bring the population to a monstrous form. There should be only one son but he should be physically fit like a lion. In Islam, monogamy is the general rule while polygamy is only an exception. Comment. 30

6. जब आपादी की वृद्धि चौगुनी और अठगुनी के अनुपात में है तो कई निकाह करने से तो आबादी का विकराल रूप हो जाएगा। एक ही पुत्र हो परन्तु शेर जैसा शारीरिक उपयुक्त हो। इस्लाम में एक विवाह-प्रथा तो सामान्य नियम हे और बहु-विवाह प्रथा केवल एक असाधारणता है? समीक्षा कीजिये। 30

7. Define "Tort" giving tow illustrations and distinguishing it from breach of contract. 30

*Or*

Write down the essentials 'negligence' giving two illustrations. 30

7. "अपकृत्य" की परिभाषा दो दृष्टांत सहित इसका संविदा-भंग से भेद बताते हुए लिखिये। 15

*अथवा*

'असावधानी' के मुख्य तत्व दो दृष्टांत देते हुए लिखिये। 30

8. Define easement giving three illustrations. 30

*Or*

Write down the essential of licence distinguishing it from lease. 30

8. भोगाधिकार की परिभाषा देते हुए तीन दृष्टांत सहित वर्णन कीजिये। 30

*अथवा*

अनुज्ञप्ति के मुख्य तत्व उसके पट्टे पर ली या दी गई सम्पत्ति में भेद लिखिये। 30

9. Define "immovable property", "attached to the earth", "transfer of property." 30

9. "अचल सम्पत्ति", "भू-संलग्न", "सम्पत्ति का अन्तरण" की परिभाषा दीजिये। 30

10. Explain the meaning of 'vested interest', 'contingent interest' and 'conditional transfer'. 30

10. "निहित-स्वार्थ" और "अनिश्चित स्वार्थ" तथा "अनुबन्धित अंतरण" से क्या तात्पर्य है? 30

# 1986

## PROCEDURE AND EVIDENCE [Paper-II]

## प्रक्रिया एवं साक्ष्य [ द्वितीय प्रश्न पत्र ]

**Note:** Attempt **five** questions only. Questin number **1** is compulsory. Candidates should attempt **four** more questions from Groups A, B and C of which at least one question should be attempted from each grou. Marks carried by each question or part thereof are indicated..

**नोट:** केवल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या १ अनिवार्य है। खण्ड अ, ब तथा स से चार प्रश्न कीजिए जिनमें से कम से कम एक प्रश्न प्रत्येक खंड से अवश्य चुना जाना चाहिए। प्रत्येक प्रश्न उसके भागों के अंक उसके अंत में इंगित हैं।

1. (a) Draft a plaint for recovery of arreas of rent and ejectment of a tenant of ground of default. 20
   (b) Draft a written statement in the suit mentioned in above. 20
   (c) Frame issues on the pleading a forementioned. 16

*Or*

Write judgment convicting the accused for offence under section 307 of the Indian Penal Code (Attempt to murder) after framing appropriate charge for the offence. 56

1. (अ) बकाया किराये की वसूली के लिये तथा किरायेदार को किराया न अदा करने के आधार पर बेदखल करने के लिये एक वाद-पत्र लिखिये। 20
   (ब) ऊपर वर्णित वाद में एक लिखित कथन का प्रारूप बनाइए। 20
   (स) उपर्युक्त अभिवचनों के आधार पर वाद-बिन्दुओं की रचना कीजिए। 16

*अथवा*

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 के अन्तर्गत (हत्या करने के प्रयत्न के) अपराध के लिये एक अभियुक्त को, उपयुक्त आरोप लगाने के बाद दोषसिद्ध करते हुए निर्णय लिखिये। 56

### GROUP-A (खण्ड-अ)

2. (a) Discuss the statement that an executing court cannot go behind the decree. What are the questions that may be determined by the court executing the decree? 18
   (b) What do you understand by the pecuniary jurisdiction of a court? Will a court be competent to bear a suit exceeding it limits if the parties to the suit have given their consent? 12
   (c) Can revision be filed against an order of a court disallowing an important question put to a witness? 6

2. (अ) इस कथन की विवचेना कीजिये कि निष्पादन न्यायालय आज्ञप्ति के पीछे नहीं जा सकता है। कौन से ऐसे प्रश्न है जो आज्ञप्ति का निष्पादन करने वाले न्यायालय के द्वारा निर्णीत किये जा सकते हैं? 18
   (ब) न्यायालय की आर्थिक अधिकारिता से आप क्या समझते हैं? यदि वाद के पक्षकारों ने अपनी सहमति दे दी है तब क्या न्यायालय अपनी सीमा के बाहर के वादी को सुनने के लिये सक्षम होगा? 12
   (स) क्या एक साक्षी से पूछे गये एक महत्वपूर्ण प्रश्न को नामन्जूर करने के न्यायालय के आदेश के विरुद्ध निगरानी दाखिल की जा सकती है? 6

LatestLaws.com

3. (a) 'Unless a right of appeal is clearly given, by statute it does not exist.' Comment can an appellate court reverse a decree on the ground of misjoinder of parties? 12
(b) Explain the expression 'suit of civil nature.' 12
(c) Does the Code of Civil Procedure make any provision for preventing courts of concurrent jurisdiction from trying at the same time two parallel suits in respect of the same matter in issue? If so, what? Discuss. 12

3. (अ) 'जब तक अपील का अधिकार कानून द्वारा न दिया गया हो, वह विद्यमान नहीं होता। टिप्पणी कीजिये क्या एक अपीलीय न्यायालय पक्षकारों के दुरसंयोजन के दोष की दशा में आज्ञप्ति को उलट सकता है?' 12
(ब) 'दीवानी प्रकृति के वाद' कथन की व्याख्या कीजिये। 12
(स) क्या व्यवहार प्रक्रिया संहिता किसी ऐसे उपबन्ध की व्यवस्था करती हे जिसके द्वारा समवर्ती अधिकारिता के न्यायालयों को एक ही समय, एक ही विवाद्यक विषय के सन्दर्भ में दो समानान्तर वाद चलाने को प्रतिबन्धित किया गया है? यदि ऐसा है तो वह क्या है? विवेचना कीजिये। 12

4. (a) Explain constructive res judicats. 12
(b) Who is an indigent person? What is the mode of instituting suit by such persons? 12
(c) What are the inherent powrs of a court? Illustrate. 12

4. (अ) आन्वयिक प्राङ्न्याय की व्याख्या कीजिये। 12
(ब) निर्धन व्यक्ति कौन होता है? ऐसे व्यक्ति द्वारा वाद लाये जाने की क्या प्रक्रिया है? 12
(स) न्यायालय की अन्तर्निहित शक्तियाँ क्या हैं? उदाहरण दीजिये। 12

## GROUP-B (खण्ड-ब)

5. When can bail be granted in case of a non-bailable offence? Can bail be granted subject to conditions? 36

5. अजमानतीय अपराध की दशा में जमानत कब दी जा सकती है? क्या जमानत सशर्त दी जा सकती है? 36

6. (a) Under what circumstances can a Magistrate demand security for good behaviour? 12
(b) Narrate in brief the procedure for Sessions trial. 12
(c) 'For every distinct offence of which a man is accused, there shall be a separate charge and every such charge shall be tried separately.' 12

6. (अ) किन परिस्थितियों में किसी मजिस्ट्रेट के द्वारा सदाचार के लिये प्रतिभूति माँगी जा सकती है? 12
(ब) सेवेशन विचारण प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण दीजिये। 12
(स) 'प्रत्येक सुभिन्न अपराध के लिये जिसके लिये मनुष्य को अभियुक्त बनाया जाता है, एक पृथक् आरोप होना चाहिये और हर आरोप का अलग विचारण होना चाहिये। इस कथन की व्याख्या कीजिये।' 12

## GROUP-C (खण्ड-स)

7. (a) Distinguish between direct and circumstantis evidence. Can a person be convicted on circumstantial evidence alone? 14
(b) Distinguish between rebuttable and irrebuttable presumptions? Illustrate. 12
(c) Distinguish between releancy and admissibility on evidence. 12

7. (अ) प्रत्यक्ष तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्य में अन्तर स्पष्ट कीजिये। क्या केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर किसी को दण्डित किया जा सकता है? 14
(ब) खण्डनीय तथा अखण्डनीय उपधारणाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिये। 12
(स) साक्ष्य की सुसंगति या ग्राह्यता में अन्तर स्पष्ट कीजिये। 12

8. (a) What is confession? Distinguish between judicial and exta-judicial confession. 12
(b) State the exception to the rule that confessior by an accused in police custody is not admissible in evidence. 12
(c) 'A', an woman, whose throat had been cutby some sharp-edged weapon, indicated by gestures before her death that 'B' was the person who had cut her throat. Is this statement of 'A' made by gestures admissible as evidence against 'B'? 12

8. (अ) संस्वीकृति का क्या अर्थ है? न्यायिक तथा न्यायिकेत संस्वीकृति में अन्तर स्पष्ट कीजिये। 12
(ब) इस नियम के अपवाद का उल्लेख कीजिए के पुलिस की हिरासत में अभियुक्त की संस्वीकृति साक्ष्य में ग्राह्य नहीं है। 12
(स) 'क' एक महिला, जिसका गला किसी धारदार हथियार से काटा गया था, मारने से पहले, इशारे से वह इंगित किया कि उसके गले को काटने वाला 'ख' है। क्या 'क' के द्वारा इशारे से किया कथन 'ख' के विरुद्ध साक्ष्य के रूप में ग्राह्य है? 12

9. (a) 'Hearsay evidence is no evidence.' Explain and state the exceptions. 24
(b) 'A', who was hit by 'bullet' stated in the hospital in the presence of a Magistrate that 'B' had fired at him. But 'A' did not die of this injury. Is the statement of 'A' made in the presence of the Magistrate admissible in evidence against 'B'? Can it be of any other use? 12

9. (अ) 'अनुश्रुत साक्ष्य साक्ष्य नहीं है।' इस कथन की व्याख्या कीजिये तथा अपवाद का उल्लेख कीजिये। 24
(ब) 'क', जो गोली से घायल था, अस्पताल में मजिस्ट्रेट के समक्ष यह कहा कि 'ख' ने उसे गोली मारी है। किन्तु इस चोट से 'क' मरा नहीं। मजिस्ट्रेट के समक्ष किया गया 'क' का कथन क्या साक्ष्य के रूप में 'ख' के विरुद्ध ग्राह्य है? क्या इसकी कोई अन्य उपयोगिता है? 12

10. (a) Distinguish between patent and latent ambiguities. Give examples of such ambiguities. 12
(b) Can evidence of the intention of the parties to a document be given contradict the express terms of that document? 12
(c) 'A' went to a lawer 'B' and stated that he (A) had committed murder of 'C' and he wanted to engage him as his defence lawer. 'B' replied that he died not defend actual murder and he would instead give evidence against him (A) that he (A) had confessed his crime before him. Can 'B' be allowed to depose gainst 'A' 12

10. (अ) प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष संदिग्धता में भेद बताइये। इस प्रकार की संदिग्धताओं के उदाहरण दीजिये। 12
(ब) क्या दस्तावेज के पक्षकारों के आशय का मौखिक साक्ष्य दस्तावेज में अभिव्यक्त निबन्धनों का खण्डन करने के लिए दिया जा सकता है? 12
(स) 'क', एक वकील 'ख' के पास गया और कहा कि उसने 'ग' की हत्या की है और वह उसे अपने बचाव के लिये अपना वकील रखना चाहता है। 'ख' ने कहा कि वह वास्तविक हत्यारों का बचाव नहीं करता और वह उसके विरुद्ध साक्ष्य देगा कि उसने ('क' ने) उसके समक्ष अपने अपराध की संस्वीकृति की है। क्या 'ख' का 'क' के विरुद्ध साक्ष्य देने दिया जायेगा? 12

# 1986

# REVENUE AND CRIMINAL [Paper-III]

# राजस्व एवं दण्ड सविधान [तृतीय प्रश्न पत्र]

**Note:** Candidates should answer six questions. Question Nos. 1 and 6 are compulsory and three questions must be from each group 'A' and 'B'. Marks carried by each question are indicated at its end.

**नोट:** अभ्यर्थी छः प्रश्न करें। प्रश्न सं. 1 और 6 अनिवार्य हैं। खण्ड 'अ' तथा 'ब' प्रत्येक से तीन प्रश्न अवश्य होने चाहिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके अन्त में दिये हुए हैं।

## GROUP-A (खण्ड-अ)

1. (a) What are the classes of tenure in Uttar Pradesh? State the salient features of each them. 20
(b) Write notes on:
(i) Date of vesting 5
(ii) Land Manager 5

LatestLaws.com

(iii) Sir 5

(iv) Beneficiary. 5

1. (अ) उत्तर प्रदेश में काश्तकार कितने वर्ग के हैं? प्रत्येक की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिये। 20

(ब) निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए:

(i) निहित का दिनांक 5

(ii) भूमि-प्रबन्धक समिति 5

(iii) सीर 5

(iv) हिताधिकारी। 5

2. (a) "Devolution of tenancy land in Uttar Pradesh is not affected by the provisions of Hindu Succession Act." Amplify. 15

(b) Whether a murderer of a murdered tenureholder is excluded from succession under Z.A. & L.R. Act? 15

2. (अ) "उत्तर प्रदेश में अभिधारित भूमि के न्यागमन पर हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधानों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। " प्रवर्द्धन कीजिए। 15

(ब) क्या खातेदार की हत्या करने वाले हत्यारे की जमींदारी उन्मूलन अधिनियम के अन्तर्गत विरासत से वंचित रखा गया है? 15

3. Write short notes on:

(a) Transfer of agricultrual land by members of Scheduled Caste and Scheduled Tribe. 9

(b) Right of pre-emption 7

(c) Mode of Service of notice 7

(d) Gaon Sabha Fund. 7

3. संक्षिप्त टिप्णी लिखिए:

(क) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों द्वारा कृषि-भूमि का अन्तरण। 9

(ख) हकशुफा 7

(ग) नोटिस तामीली का ढंग 7

(घ) गाँव सभा कोष। 7

4. (a) What is the summary procedure for ejectment from land of public utility? 15

(b) On what grounds may an asami be ejected? 15

4. (अ) जन-उपयोगी भूमि से बेदखल करने की संक्षिप्त प्रक्रिया क्या है? 15

(ब) किन आधारों पर एक आसामी बेदखल हो सकता है? 15

5. Critically examine the provisions relating of division of holding and distinguish it from family arrangement. 30

5. जोत के बँटवारे सम्बन्धी प्रावधानों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए तथा पारिवारिक समझौते से उसका अन्तर बताइये। 30

## GROUP-B (खण्ड-ब)

6. Explain 'Constructive Liability' in Penal Law with special reference to Section 34 (Common intention) and Section 149 (common object) of the Indian Penal Code. 40

6. दंड विधि में "आन्वयिक दायित्व" की खासतौर पर भारतीय दण्ड संहिता के अनुभाग 34 (सामान्य आशय) और अनुभाग 149 (सामान्य उद्देश्य) के संदर्भ में व्याख्या कीजिये। 40

7. (a) Defferentiate between murder and culpable homicide. 15

(b) A knows Z to be behind a bush. B does not know it. A intending to cause of knowing it to be likely to cause Z's death induces B to fire at the bush. B fires and kills Z. Comment on the criminal liability of A and B. 15

7. (अ) हत्या तथा अपराधिक मानववध में अन्तर बताइए। 15

(ब) 'क' यह जानता है कि 'य' एक झाड़ी के पीछे हैं। 'ख' नहीं जानता। 'य' की मृत्यु कारित करने के आशय से यह मानते हुए कि उससे 'य' की मृत्यु पारित होना संभावित है, 'ख' को उस झाड़ी पर गोली चलाने के लिए 'क' प्रेरित करता है। 'ख' गोली चलाता है और 'य' को मार डालता है। 'क' व 'ख' के दायित्व की विवेचना कीजिए। 15

8. (a) Describe the scope of intention, preparation and attmpt to commit a crime. 15

(b) A intending to murder Z by poison, purchases posion and mixes the same with food which he delivers to the servant of Z for placing it on Z's table. Discuss the criminal liability of A. 15

8. (अ) अपराध करने में 'आशय' 'तैयारी' तथा 'प्रयत्न' के क्षेत्र विवरण दीजिए। 15

(ब) विष द्वारा 'य' की हत्या करने का आशय रखते हुए 'क' विष खरीदता है और उसे भोजन में मिलाकर 'य' के सेवक को 'य' की मेज पर रखने को देता है। 'क' के अपराधिक दायित्व की विवचेना कीजिए। 15

9. Write short notes on any three of the following:

(a) Criminal Breach of Trust 10

(b) Arson 10

(c) Mischief 10

(d) "Wrongful gain" and "Wrongful loss." 10

9. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए–

(अ) आपराधिक न्यासभंग 10

(ब) अग्निकांड 10

(स) रिष्टि 10

(द) "सदोष अभिलाभ" व "सदोष हानि"। 10

10. What is defamation and its exceptions according Section 499 of the Indian Penal Code? 30

10. भारतीय दण्ड संहिता अनुभाग 499 के अनुसार मानहानि तथा उसके अपवाद क्या हैं? 30

# 1986

# LANGUAGE (PART-I)

1.Translate into simple court language and record it in Devanagri Script.

Before the learned Session Judge, the main contention of the appellant appears to have been that the case of the prosecution had not been properly established. It appears that the very same arguments were advanced before the High Court. The main argument before the High Court was that the Sessions Judge went clearly wrong in placing any reliance on the statement alleged to have been made by Sabitri Debi to the police officer and recorded by the police officer. It was argued before the High Court that no reliance could be placed on the said statement, which was considered to be the dying declaration of the deceased as the statement had not been made to a magistrate. But to a police officer and the facts and circumstances of the case would indicate the Sabitri debi was not in a fit condition to make any statement at all. It had been further argued that there was no corroborative evidence of the said statement and, in the absence of any corroboration of the dying declaration, conviction of the appellant, only on the basis of the dying declaration, could not be justified.

The High Court, in its judgement. Had carefully considered all the facts and circumstances of the case and the material on record. For reasons recorded in a carefully considered judgment, the high court negatived the contentions, held the appellant guility and dismissed the appeal.

The main argument advanced before us in this appeal on behalf of the appellant is that the statement made by the deceased to the police officer, which has been recorded by the police officer and which has been relied on as the dying declaration of the deceased is not admissible and, in any event, no reliance should be placed on the same. It has been argued that a dying declaration, which can be relied on as evidence, must be made to a magistrate. In our opinion, there is not a requirement of law that such a statement must, necessarily, be made to a magistrate.

LatestLaws.com